औद्योगिक इकाइयों में शून्य दुर्घटना सुनिश्चित करना प्राथमिकता : डीएम

जिलाधिकारी ने औद्योगिक आपदा सुरक्षा अभियान का किया शुभारंभ

हाजीपुर (आससे)। जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने गुरुवार को जिला समाहरणालय परिसर से 'औद्योगिक आपदा एवं जोखिम जागरूकता वैन' को हरी झंडी दिखाकर जिले में औद्योगिक आपदा सुरक्षा हेतु तीन दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, वैशाली द्वारा औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

यह विशेष जागरूकता अभियान दिनांक 8 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक कुल तीन दिनों तक जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, विशेषकर हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में संचालित किया जाएगा। जागरूकता वैन में अत्याधुनिक स्क्रष्ठ स्क्रीन की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से कारखानों में सुरक्षा उपायों, अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव, रासायनिक रिसाव की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों तथा आपातकालीन निकास प्रक्रियाओं पर आधारित शैक्षणिक फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। इसके साथ ही श्रमिकों एवं उद्यमियों के बीच सुरक्षा संबंधी पम्फलेट्स का वितरण भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती

वर्षा सिंह ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। यह तीन दिवसीय सघन अभियान श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षित रहने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराएगा तथा उद्योग प्रबंधन को सुरक्षा मानकों के अनुपालन के प्रति और अधिक संवेदनशील बनाएगा। जागरूकता रथ अगले तीन दिनों तक हाजीपुर के औद्योगिक क्लस्टरों, प्रमुख कारखानों एवं श्रमिक बस्तियों में रुक-रुक कर सुरक्षा संबंधी फिल्मों का प्रदर्शन करेगा, जिससे किसी भी प्रकार की औद्योगिक दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तथा नगर परिषद, हाजीपुर के अधिकारी उपस्थित रहे।

लालगंज थानाध्यक्ष और कांड के अनुसंधानक से शोकॉज

हाजीपुर(आससे)। वैशाली जिला के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अष्टम राजीव पाण्डेय ने प्राथमिकी दर्ज करने के करीब 05 साल बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर लालगंज थानाध्यक्ष और मामले के अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध कारणपृच्छा नोटिस जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र की सविता देवी ने लालगंज थाना में 08 नवंबर 2020 को लालगंज थाना काण्ड संख्या 339/2020 मां द वि की धारा 420,467,468,406 तथा 34 अन्तर्गत कराई थी। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद अनुसंधानकर्ता ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर न्यायालय से लालगंज थानाध्यक्षसे इस संबंधमें 19 सितंबर 25 को प्रतिवेदन की मांग की गई। इस संबंधमें कोई प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित नहीं किए जाने पर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से 13 नवंबर 25 को स्मार पत्र भेजा गया। इसके बावजूद कोई प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित नहीं किए जाने को कर्तव्यके प्रति लापरवाही और अनुशासन हीनता मानते हुए लालगंज थानाध्यक्ष और इस मामलेके अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध कारणपृच्छा नोटिस जारी किया गया है।

समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार पर डीएम ने उद्यमियों से किया संवाद

हाजीपुर (आससे)। जिला पदाधिकारी, श्रीमती वर्षा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार मे जिले के उद्यमियों के साथ एक विस्तृत उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की सात निश्चयङ्क3 योजना के अंतर्गत समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जिले में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, निवेश को बढ़ावा देना तथा उद्यमियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

जिला पदाधिकारी, द्वारा कार्यक्रम के दौरान उद्योगों की स्थापना, संचालन एवं विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर उद्यमियों के साथ विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सात निश्चयङ्क3 के अंतर्गत उद्योग विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है और इसी उद्देश्य से यह मंच तैयार किया गया है, ताकि उद्यमी अपनी समस्याएं एवं सुझाव सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकें। उन्होंने कहा कि यह संवाद नए उद्यमियों के लिए नई संभावनाओं एवं अवसरों का द्वार खोलता है और इसके माध्यम से हाजीपुर को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

रेनकोट निर्माण करने वाली कंपनी न्यू जिल फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने अतिरिक्त औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की इच्छा व्यक्त करते हुए सरकारी सब्सिडी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग भी रखी गई। इन दोनों विषयों पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद हाजीपुर तथा महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को त्वरित आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में गोरौल के एक उद्यमी ने सड़क निर्माण, संपर्क पथ एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याएं रखीं, जिनके समाधान हेतु संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

गांधी आश्रम में संचालित उद्यम के संचालक अतुल कुमार ने पंचायत स्तर पर पुस्तकालयों एवं पुस्तकों की आपूर्ति में स्थानीय उद्योगों को प्राथमिकता दिए जाने का अनुरोध किया, जिसे जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि स्थानीय उद्योगों एवं उनसे जुड़े उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, हाजीपुर के रहीमपुर क्षेत्र के एक उद्यमी ने निजी किराये की भूमि पर उद्योग संचालन, बियाडा से भूमि आवंटन तथा पूंजी की कमी से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर जिलाधिकारी ने विस्तार से चर्चा करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

भैरोपुर चौक स्थित आइसक्रीम उद्योग एस.एफ. फूड एंड फ्लेवर के उद्यमी ने बताया कि उनकी इकाई में 150 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जा रहा है, जिनमें 65 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने विद्युत ट्रिपिंग की समस्या भी उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इसी प्रकार अनमोल लिमिटेड के उद्यमी रोहित द्वारा बियाडा औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता, धूलकण, ड्रेनेज सिस्टम एवं पार्किंग की समस्याएं उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद हाजीपुर, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला परिवहन पदाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र प्रभावी योजना बनाकर समस्या निराकरण के निर्देश दिए।

सड़क किनारे मिला नवजात का शव, देखने जुटी भीड़

हाजीपुर (आससे)। नगर थाना क्षेत्र के पोखरा मोहल्ला में गुरुवार की अहले सुबह सड़क किनारे एक नवजात शिशु का शव मिला। घटना से इलाके मे सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नगर थाना की पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार वैशाली जिले के हाजीपुर शहर में भ्रूण हत्या का मामला बढ़ता जा रहा है। पिछले 48 घंटे में दो नवजात शव बरामद हुए हैं, यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। इससे पहले 6 जनवरी मंगलवार को नगर थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल रोड स्थित वैशाली डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के पास कचरे के ढेर पर एक नवजात मिला था जिसे कुत्ते नोचकर खा रहे थे। लगातार बढ़ रही घटनाओं पर लोगों का कहना है कि हाजीपुर में नवजात शिशुओं की हत्या का मामला बढ़ता जा रहा है, और प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। पिछले दो दिनों में दो नवजात शव बरामद हुए हैं, जिन्हें सड़क पर फेंक दिया गया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध नर्सिंग होम और क्लीनिक इस घटना के पीछे हैं, जहां गर्भपात और नवजात हत्या की जा रही है।

विद्यालय में तालाबंदी खत्म करने की पहल तेज

गोरौल वैशाली (आससे)। नि:शुल्क निबंधन प्रकरण को लेकर पिछले सात दिनों से बंद नगर पंचायत गोरौल का उत्क्रमित मध्य विद्यालय भटोलिया अब सामाधन की ओर अग्रसर हो गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गोरौल सुशील कुमार बंद विद्यालय पहुंचकर सड़क किनारे बैठे शिक्षकों का हाल चाल जाना एवं ग्रामीणों से बात की। बी ई ओ भूमिदाता ओम प्रकाश साह के दारवाजे पर भी जाकर समस्या सामाधन को लेकर पहल किये। बी ई ओ ने विद्यालय पर हु? तलाबंदी को समाप्त करने का निवेदन भी ग्रामीणों से किया। इसको लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान संतोष कुमार से भी जमीन दाता ओम प्रकाश साह की बातचीत किया है। श्री साह ने बताया की जैसे ही निशुल्क निबंधन का आदेश प्राप्त होता है वैसे ही ग्रामीणओं के द्वारा विद्यालय पर लगा ताला खोल दिया जाएगा।

बाइक की ठोकर से दुकानदार की मौत

हाजीपुर (आससे)। जंदाहा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह बाइक सवार दुकानदार को अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय आक्रोशित लोगो मृतक के शव को चौक पर रखकर हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। मृतक की पहचान जगदीशपुर गांव निवासी मोहम्मद इसराइल (60) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि मृतक अपने घर से अहले सुबह मे मोटरसाईकिल से सवार होकर अपनी कपड़ा सिलाई की दुकान खोलने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान जंदाहा बाजार में एक अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही मौत हो गईं। मौत खबर मिलते ही लोगों शव को लेकर जाम कर दिया जिससे हाजीपुर-जन्दाहा मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी ने दलबल के स्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा कर जाम को हटवाया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। इस सम्बंध में मृतक के भतीजे मोहम्मद नसीम ने बताया दूसरी मोटरसाइकिल पर दो नवयुवक सवार थे, जो हादसे के तुरंत बाद अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फरार युवकों की बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। फरार युवकों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

रामशरण राय कॉलेज के संस्थापक की पुण्यतिथि मनी

महनार। महनार के पानापुर-मक्कनपुर स्थित राम शरण राय कॉलेज में कॉलेज के संस्थापक राम शरण राय की 40वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन राम दयाल राय एवं कॉलेज के सचिव शिव दयाल राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार, शिक्षक, कर्मचारी एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने कॉलेज परिसर में स्थापित राम शरण राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव शिव दयाल राय ने राम शरण राय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित यह शिक्षण संस्थान आज दूर-दराज के छात्रों के लिए भी शिक्षा का मजबूत केंद्र बन चुका है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राम शरण राय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक प्रो संजय कुमार राय ने पूर्वजों की प्रेरणा व आशीर्वाद से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

कैंसर पीड़िता सुनैना देवी को 2.50 लाख की सहायता

सोनपुर कोर्ट। प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत निवासी कैंसर पीड़िता सुनैना देवी को इलाज के लिए प्रधानमंत्री शल्य चिकित्सा कोष से 2 लाख 50 हजार की सहायता राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। यह सहायता सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से स्वीकृत हुई है। गुरुवार को सांसद टीम द्वारा स्वीकृति पत्र पीड़िता के आवास पर पहुंचाकर उनके पुत्र को सौंपा गया। इस मौके पर शिक्षक सह

समाजसेवी प्रभात रंजन, समाजसेवी बिट्टू सिंह, रवि सिंह, कुंदन सिंह एवं हर्ष राजपूत उपस्थित रहे। सभी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं भाजपा नेता बिनोद सम्राट ने पीड़ित परिवार से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा इस मानवीय सहयोग के लिए सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सहायता जरूरतमंदों के लिए कठिन समय में बड़ी राहत बनती है और जनसेवा की सच्ची मिसाल है। स्थानीय लोगों ने भी सांसद की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के लिए यह सहयोग उम्मीद की किरण साबित हुआ है।

वर्गीकृत

खोया-पाया

मैं अमरेन्द्र कुमार दूबे पिता विध्यांचल दुबे निवासी ग्राम-इसुआपुर, इस्वापुर, ससमुसा, गोपालगंज, बिहार-841505 कंकड़बाग, थाना-सनहा दिनांक 07.01.2026 द्वारा यह सूचित करता हूं कि डीड सं.-9576, 9577, 9578 एवं 9575 दिनांक 11.06. 2004 सभी अलग-अलग सुन्दरमती देवी के नाम एवं सभी अलग-अलग 01 कट्ठा 14 धूर का है। जो फोटो कॉपी कराने के क्रम में वास्तव में खो गया है।

Affidavit

I, Ramawati Devi W/o Swaminath Pandey R/o vill.-Itwan, P.O.-Karup, P.S.-Karakat (Gorari) Distt.-Rohtas Bihar do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 22693 dt. 09.12.25 that my Son's name in his Aadhar card no. 931215151297 as Gulshan Kumar and date of birth is 07.08.2007 which is wrong. As per educational certificate his correct name is Satyam Pandey and date of birth is 07.08.2009.

Change Name

I, Vaishanavi Kumar D/o Nandu Kumar Sharma R/o Ghotal, Danapur P.O.-Digha P.S.-Danapur, Distt.-Patna (Bihar) 801503 vide Affidevit No. 21903 Date 4.9.25 Now I will be known as Vaishnavi Kumari.
CM-7549

Change Name

I, Ayush S/o Anup Kumar Jayaswal R/o B-125, Srikrisnapuri, P.O.-G.P.O., P.S.-Shrikrishnapuri, Patna, Bihar-800001 vide Affidavit No. 14 date 6.1.26 Now I will be known as Ayush Jaiswal.
CM-7547

शपथ पत्र

मैं, रमावती देवी पति स्वामीनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम-इटवां, पो.-करूप, थाना-काराकाट (गोड़ारी), जिला-रोहतास (बिहार) शपथ पत्र सं. 12340 दि. 11. 07.25 द्वारा सूचित करती हूं कि मेरे पुत्र के आधारकार्ड सं. 931215151297 में उसका नाम गुलशन कुमार एवं जन्मतिथि 07.08.2007 दर्ज है, जो गलत है। शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार उसका सही नाम सत्यम पाण्डेय एवं सही जन्म तिथि 07.08.2009 है।

नाम परिवर्तन

मैं, मो. तौसिफ आलम, पिता-अब्दुल हाफिज निवास-कोइलवर, भोजपुर (आरा) वार्ड नं.-12, सुरौधा कॉलोनी शपथ पत्र सं. 2097/96 ता. 6.1.2026 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि मेरा सही नाम MD. Taushif Alam है।
CM-7546

नाम परिवर्तन

मैं, डा. अजीत कुमार वर्मा, पिता-उपेन्द्र प्रसाद वर्मा, निवास-राजेन्द्रनगर रोड नं. -11सी, पो.-राजेन्द्रनगर थाना-कदमकुआं, जिला-पटना शपथ पत्र सं. 155 ता. 7. 1.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि डा. अजीत कुमार वर्मा एवं अजीत कुमार वर्मा दोनों नाम मेरा ही है। मेरा सही नाम अजीत कुमार वर्मा है।
CM-7548

शपथ पत्र

मैं चित्रा चौधरी पत्नी निधेश चौधरी उम्र 45 वर्ष मोहल्ला नया बाजार राजेंद्र पथ पोस्ट सिवान थाना सिवान नगर जिला सिवान बिहार की स्थाई निवासी हूं। मैं शपथ पत्र संख्या 30 दिनांक 7 जनवरी 2026 द्वारा घोषणा की हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 483334273069 में मेरा नाम चित्रा चौधरी दर्ज है। पूर्व में चित्रा कुमारी के नाम से जानी वो पहचानी जाती हूं। चित्रा चौधरी एवं चित्रा कुमारी एक एवं समान व्यक्ति है। अब मैं चित्रा कुमारी से चित्रा चौधरी के रूप में जानी जाती हूं।

शपथ पत्र

मैं कान्ती देवी उम्र 35 वर्ष पति राजेश्वर राय ग्राम अलोनी पोस्ट व थाना गरखा जिला सारण शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 5579 43814616 एवं बैंक खाता में मेरा नाम कान्ती देवी दर्ज है, जबकि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 596139319 में मेरा नाम शान्ती देवी दर्ज है, मैं कान्ती देवी व शान्ती देवी दोनों नामो से जानी व पहचानी जाती हूं. दोनों नाम एक ही महिला का है. शपथ पत्र संख्या 37128/ 27.11.25
9/509/25

शपथ पत्र

मैं नव्या कुमारी (NAVYA KUMARI) पिता सुनील कुमार साकिन मुन्नी मस्जिद गया, बिहार पिन कोड 823001 का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार संख्या 271040548914 है जिसमे मेरा नाम नाबना कुमारी (Nabana Kumari) है जो गलत है. यह कि मेरा नाम नव्या कुमारी है जो कि सही है। शपथ पत्र संख्या 232 है दिनाक 05.01.2026 है जो मैं घोषणा करती हूं कि अब से मेरा नाम नव्या कुमारी (NAVYA KUMARI) पिता सुनील कुमार का उपयोग करूंगी।

एस. एन. जी. हाई स्कूल
रामपुर अटौली (सारण)

सूचना

विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति एस.एन.जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर अटौली सारण के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एस.एन.जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर अटौली सारण के परिसर मे 17.01.2026 को ध्वस्त भवन की पुरानी यथा ईंट, सखुआ की लकड़ी सागवान की लकड़ी,युकलिप्तस की लकड़ी, शीशम की की लकड़ी, जलावन की लकड़ी, पुरानी आलमारी इत्यादि की नीलामी सुबह 11 बजे की जाएगी, इससे जो सबसे ज्यादा बोली लगाएगा उसी को सामग्री दी जाएगी. भुगतान एस.एन.जी. उ.मा.वि. रामपुर अटौली के विकास कोष में चेक के माध्यम से ली जाएगी.

आदेश से
विद्यालय प्रबंध प्रबंधकारिणी के सचिव सह प्रभारी प्रधानाध्यापक
9/509/25

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

अधेड़ को गोली मारने के मामले में 11 नामजद, तीन गिरफ्तार

महुआ (आससे)। महुआ थाने के मिर्जा नगर गांव में गोली मारकर एक व्यक्ति को घायल करने मामले में पुलिस ने छापेमारी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य की गिरफ्तारी के लिए अगली छापेमारी जारी है। मिर्जानगर गांव निवासी 47 वर्षीय राजकिशोर राय उर्फ मुन्ना राय को भीड़ ने गाड़ी पर हमला कर गोली मार घायल कर दिया था। घटना का कारण बर्थडे पार्टी विवाद बताया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि हरपुर मिर्जानगर हाईस्कूल के पास बर्थडे पार्टी को लेकर विवाद हुई

जो बाद में हिंसक रूप ले लिया। बताया जारहा है कि बाद में दर्जनों की संख्या में पहुंचे युवकों ने रोड़े पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। इस बीच राज किशोर राय उर्फ मुन्ना राय पर असामाजिक तत्व ने गोली चलाई। जिसे उन्होंने छिपकर बचा लिया पर दूसरी गोली उनके पेट में लगी। घटना को लेकर गांव में तनाव कायम है। थाना अध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि गोली घायल के बयान पर 11 नामजद और दर्जनों अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। पुलिस ने छापेमारी कर तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है।

फार्मर रजिस्ट्री को लेकर जुट रही किसानों की भीड़

महुआ (आससे)। महुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुपौल टरिया पंचायत भवन पर बृहस्पतिवार के दिन फार्मर रजिस्ट्री को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में जुटे किसानों को डाटा ऑपरेटर के द्वारा ई केवाईसी कर किसान रजिस्ट्रेशन में सुविधाएं प्रदान की गई। किसान पंजीकरण के लिए सुबह 7:00 से ही लोग पंचायत सरकार भवन सुपौल टरिया में पहुंचने लगे थे। इसी क्रम में देर शाम तक किसानों की लंबी कतार उक्त स्थल पर जमी नजर आई। इस विशेष शिविर में आधार कार्ड और जमीन की रसीद के साथ किसान अपना ई-केवाईसी करा रहे हैं, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। पंचायत भवन पर मौजूद कृषि समन्वयक रंजीत कुमार सिंह, कृषि सलाहकार अमरजीत कुमार, डाटा ऑपरेटर दिलीप कुमार आदि ने कहा कि 36 किसानों का अब तक फार्मर रजिस्ट्रेशन के तहत पंजीकरण किया जा चुका है। बीते बुधवार को भी 70 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया था।

डीएम ने की फार्मर रजिस्ट्रेशन में प्रगति की समीक्षा, दिये सख्त निर्देश

किसान पंजीकरण में 99.7 प्रतिशत उपलब्धि के साथ वैशाली जिला बिहार में प्रथम स्थान पर

हाजीपुर (आससे)। जिला पदाधिकारी, श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा जिले में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने जिले

के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर आयोजित फार्मर रजिस्ट्रेशन कैंपों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी स्वयं प्रतिदिन निरीक्षण कर इस अभियान की सतत निगरानी कर रही हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में कुल 1,95,228 लाभुक पंजीकृत हैं। अब तक कुल 34,909 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है, जिनमें से 26,887 किसान पीएम किसान योजना से संबंधित फार्मर रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत पंजीकृत किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 8,000 के लक्ष्य के विरुद्ध जिले ने 7,980 की उपलब्धि प्राप्त करते हुए 99.7 प्रतिशत सफलता हासिल की है, जिसके साथ वैशाली जिला राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर है।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए फार्मर रजिस्ट्रेशन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन की प्रगति सुनिश्चित करें तथा विकेंद्रीकृत रूप से समन्वय के साथ सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर इस महत्वपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जो किसान किसी कारणवश शिविरों में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, उनके लिए डोर-टू-डोर जाकर फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान वंचित न रह जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कृषि अथवा राजस्व विभाग के जो भी कर्मी या पदाधिकारी इस कार्य में शिथिलता बरतेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो फोटो वायरल करनेवाला गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे)। साइबर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो, फोटो वायरल करने के आरोप मे गोपालगंज से चन्दन तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। फर्जी आईडी बनाकर लोगों को धमकी दी थी।

इस सम्बंध में साइबर थानाध्यक्ष ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि साईबर थाना में एक आवेदन पत्र समर्पित किया गया, जिसमें फर्जी आईडी बनाकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से धमकी देने, वीडियो, फोटो वायरल करने का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए साईबर थाना में 7 जनवरी 2026 को कांड सं0-03/2026, दर्ज करते हुए गिरफ्तारी हेतु जिला आसूचना इकाई के साथ टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा तकनीति अनुसंधान करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त चन्दन तिवारी पिता-जितेन्द्र तिवारी वार्ड एक ग्राम-सरैया विजयपुर थाना-नगर जिला-गोपालगंज को गोपालगंज से गिरफ्तार किया गया है।

साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के स्वर्ण विजेता सम्मानित

हाजीपुर (आससे)। वैशाली के तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनोद कुमार धोनी, सृष्टि कुमारी और निधि कुमारी ने नेपाल में आयोजित साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद गुरुवार को खिलाड़ियों के सम्मान में हुआ रोड शो का हुआ आयोजन। नेपाल में आयोजित साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता जिसमें नेपाल भारत श्रीलंका एवं भूटान के टीमों ने हिस्सा लिया था , उसे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व

करने वाले वैशाली के तीन खिलाड़ियों के सम्मान में रोड शो का आयोजन वैशाली जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा किया गया।

वैशाली जिला बॉल बैडमिंटन के अध्यक्ष डॉ राजेश शुभांगी एवं सचिन रवि रंजन ने बताया की रोड शो के आयोजन में जिला प्रशासन वैशाली एवं जिला के खेल प्रेमी जनता का भरपूर प्यार एवं स्नेह मिला। 03 से 5 जनवरी तक नेपाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में वैशाली जिला के हाजीपुर के निवासी शाही कॉलोनी के रामबाबू भक्त एवं महेश्वरी देवी के पुत्र विनोद कुमार धोनी नखास चौक हाजीपुर के संजय कुमार एवं सीमा देवी की पुत्री सृष्टि कुमारी एवं गांधी चौक हाजीपुर के उमेश राय मंजू देवी के पुत्री निधि कुमारी ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पश्चात यहां लौटी उक्त प्रतियोगिता में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ इस तरह से इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वैशाली जिले के तीन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल कर के जिला राज्य एवं देश के नाम को रोशन किया है।

हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर स्वयंसेवकों की बैठक

महुआ (आससे)। महुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विष्णु चौक स्थित ओसी पैलेस में वृहस्पतिवार के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्यों ने आगामी हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की। जहां बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार साझा किए ।बैठक में मुख्य रूप से शामिल हुए क्षेत्र संयोजक अजीत कुमार आर्य, खंड संयोजक अमर कुमार, अभय कुमार आर्य, नगर संयोजक सुजीत कुमार टंडन, नगर सह संयोजक दीपू दत्त चौधरी, संजीव कुमार,शशि कुमार, मोहन सिंह, अभय मिश्रा, मोनू पाण्डेय, रौशन कुमार आदि ने अपने संबोधन में कहा गया संघ के 100 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य पर देशव्यापी महाभियान के तीसरी कड़ी में जगह-जगह हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होने हैं ।बैठक को संबोधित करते हुए अजीत कुमार आर्य ने कहा कि समाज को संगठित और जागृत कर लोगों में राष्ट्र भावना को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ सम्मेलनों का आयोजन करने की तैयारी है।

सोनपुर मंडल में ई-नीलामी से हुआ पार्किंग और यात्री सेवाओं का आवंटन

हाजीपुर(आससे)। पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने ई-नीलामी के माध्यम से पार्किंग और पे एंड यूज़ टॉयलेट के लिए 3 लॉट आवंटित किए हैं। इससे रेलवे को 3 वर्षों में ?44,46,948/- का राजस्व मिलेगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस सम्बंध मे सोनपुर मंडल के पीआरआई बताया कि सोनपुर मंडल द्वारा राजस्व वृद्धि तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग स्टैंड एवं पे एंड यूज़ टॉयलेट के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ई-नीलामी के अंतर्गत *साहिबपुर कमाल* *जंक्शन* तथा *पसराहा रेलवे स्टेशन* पर पार्किंग स्टैंड के कुल दो लॉट आवंटित किए गए। इनमें *साहिबपुर कमाल जंक्शन पर* पार्किंग स्टैंड की सालाना बोली राशि 9,34,765/- निर्धारित हुई, जबकि *पसराहा स्टेशन* पर पार्किंग स्टैंड की सालाना बोली राशि 5,47,551/- रही। इन दोनों लॉट्स से ₹स्झ सहित 03 वर्षों के लिए कुल कॉन्ट्रैक्ट मूल्य क्रमशः 28,04,295/- तथा 16,42,653/- प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की स्वच्छता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए *दलसिंह सराय* रेलवे स्टेशन (प्लेटफॉर्म संख्याङ्क01) पर *पे एंड यूज़* टॉयलेट के 01 लॉट का भी सफल आवंटन किया गया। इस टॉयलेट के संचालन हेतु सालाना बोली राशि 75,175/- रही तथा 03 वर्षों के लिए कुल कॉन्ट्रैक्ट मूल्य 2,25,525/- निर्धारित किया गया है। इन आवंटनों से एक ओर जहाँ यात्रियों को सुव्यवस्थित पार्किंग एवं स्वच्छ शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएँ बेहतर ढंग से उपलब्ध होंगी, वहीं दूसरी ओर रेलवे को गैरङ्क किराया राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त होगी। ई-नीलामी की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, प्रतिस्पर्धात्मक एवं निष्पक्ष रही, जिससे अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित हुई। सोनपुर मंडल यात्री सुविधाओं के निरंतर उन्नयन, स्वच्छता, सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था तथा राजस्व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्यमें भी इस प्रकार की विकासोन्मुख एवं जनहितकारी पहलें करता है।

जय प्रकाश विश्वविद्यालय
राहुल सांकृत्यायन नगर, छपरा-841302, बिहार (भारत)

NOTICE INVITING TENDR NOTICE NO.-02 (Re-Tender)/JPU/GSU PM-USHA

Retenders are invited on e-Proc2 for supply and installation of Lab Equipments from GSU PM-USHA fund For complete RFP, visit our website www. jpv.ac.in and https://www. eproc2.bihar.gov.in
All further nofification/Corrigendum/Addendum, if any, shall be posted on e-procurement portal (http:// www. eproc2. bihar.gov.in) and University Website.jpv.ac.in, and shall be binding on all the bidders.

By the order of Hon'ble Vice-Chancellor
Registrar

DAYANANDARURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
SIWAN-841226 (BIHAR)

VACANCY NOTIFICATION

Applications are invited for the following Post -

Sl. No.	Department	Professor/ Reader	Lecturer
1.	Kriya Sharir	00	01
2.	Rachana Sharir	01	00
3.	Ayurved Sanhita	00	02
4.	Rog Nidan	01	00
5.	Agad Tanra	00	01
6.	Swasthavritta-Evam Yoga	00	01
7.	Karachikitsa	01	00
8.	Shaly Tantra	00	01
9.	Balrog	00	02
10.	Panchakarma	01	00
11.	Stree-Prasuti Tantra	00	01
12.	Shalakya Tantra	00	01

Applicants willing to work on regular basis are considered. Educational qualification and experience are required as per NCISM norms. Salary offered as per NCISM Norms. Rules & regulations and policies are as per the norms of Dayanand Ayurvedic Medical College & Hospital, Siwan (Bihar)-841226. Drop your applications in PDF Formet at damedicalcollegesiwan@gmail.com. For more detail contact on - 9852992353

Sd/-
Principal
D.A.M.C. & H